[This question paper contains 4 printed pages.]

Sr. No. of Question Paper : 5265 **E** **आपका अनुक्रमांक............**

Unique Paper Code : 205341

Name of the Course : **B.A. (Prog.)**

Name of the Paper : प्रश्नपत्र 11 : आधुनिक भारतीय भाषा : हिंदी 'ग' (MIL HINDI C)

Semester : III

Duration : 3 Hours Maximum Marks : 75

छात्रों के लिए निर्देश

1. इस प्रश्न-पत्र के मिलते ही ऊपर दिए गए निर्धारित स्थान पर अपना अनुक्रमांक लिखिए।
2. **सभी** प्रश्न अनिवार्य हैं।
3. प्रत्येक प्रश्न के भागों के उत्तर एक ही स्थान पर लिखिए।

1. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

उस हाथ में रख दो
अपना हाथ
सेतु निर्मित होगा
मिटेगा प्रलय।

विपत्ति में
तुम अकेले नहीं हो,
असंख्य सोते कुलबुलाते हैं
चट्टानों में
मिलकर एक धारा बनने को,
इसे पहचानो
राह निकलेगी निश्चय।

(i) प्रस्तुत पंक्तियों के कवि और कविता का नाम बताइए। (2)

(ii) कविता में 'तुम' शब्द किसके लिए प्रयोग हुआ है ? (2)

(iii) 'राह निकलने' का कौन सा उपाय कवि ने बताया है ? (3)

(iv) 'असंख्य सोते' से कवि का संकेत किस ओर है ? (3)

2. निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :-

यह विलक्षण प्रतिभा के चमत्कारी बालक की धुआँधार पारी नहीं थी। यह एक परिपक्व, अनुशासित और विचारवान, अनुपम प्रतिभा सम्पन्न सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज की विलक्षण पारी थी। इसे खेल कर सचिन तेंदुलकर ने उन लपलपाती विष जिह्वाओं का जहर उतारा, जो कहती थीं कि सचिन भारत के बाहर तेज और उछाल देने वाले पिचों पर तूफानी गोलंदाजी नहीं खेल सकते, संकट और निर्णय के मौके पर उनके हाथ पाँव फूल जाते हैं और भले ही महान बल्लेबाज हों, संकटमोचक और मैच विनर नहीं हैं।

(i) प्रस्तुत गद्यांश के पाठ का नाम और लेखक का नाम बताइए। (2)

(ii) सचिन तेंदुलकर ने यह मैच कहाँ खेला ? (1)

(iii) संकट मोचक शब्द किसके लिए और क्यों प्रयोग किया गया ? (1)

(iv) लपलपाती विष जिह्वाओं का जहर उतारने से लेखक का क्या आशय है ? (1)

3. 'विज्ञापन युग' निबंध का मुख्य प्रतिपाद्य लिखिए। (5)

अथवा

भाषा का प्रश्न : 'प्रेमपत्रों के संदर्भ में' लेख में निहित व्यंग्य को स्पष्ट कीजिए।

4. (क) हिंदी की किन्हीं दो बोलियों का परिचय दीजिए। (5)

(ख) मानक लिपि के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। (5)

(ग) राजभाषा के रूप में हिंदी की स्थिति पर विचार कीजिए। (5)

5. (क) निम्नलिखित गद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

भारत के युवावर्ग का आदर्श आज कौन हो सकता है ? ऐसा कोई प्रस्ताव यहाँ नहीं दिया जाना है कि दो प्रतियोगी युवाओं में जिनका प्रतिनिधित्व विवेकानंद और भगतसिंह करते हैं, किसी एक को ही चुना जाए। आखिर युवा हृदय सम्राट अपने समय में जवाहरलाल नेहरू भी कहे जाते थे और जयप्रकाश के नाम पर भी नौजवान पागल थे। लेकिन ये युवा छवियों के रूप में स्थायी नहीं रहे। स्थायी सिर्फ दो व्यक्तित्व दीखते हैं और वे विवेकानंद और भगतसिंह हैं। दोनों के जीवन इसलिए महत्वपूर्ण हैं कि वे युवावस्था के पर्याय अर्थात् उन्मुक्त मन की व्याकुलता के कारण उद्विग्न यात्रियों की तरह दिखायी देते हैं जो अपनी राह खोज रहे हैं। एक और कारण से वे महत्वपूर्ण हैं - दोनों ने ही स्वयं को विचारकर्ता के रूप में देखा।

(i) युवाओं के स्थायी हृदय सम्राट कौन-कौन हैं ? (2)

(ii) स्थायी और उन्मुक्त शब्दों के अर्थ स्पष्ट कीजिए। (2)

(iii) उपर्युक्त गद्यांश का उपयुक्त शीर्षक लिखिए। (1)

(ख) किन्हीं पाँच मुहावरों और लोकोक्तियों का अर्थ स्पष्ट करते हुए उन्हें वाक्य में प्रयोग कीजिए -

(i) छक्के छुड़ाना

(ii) नौ दो ग्यारह होना

(iii) नाच न जाने आँगन टेढ़ा

(iv) आँख का अँधा नाम नयन सुख

(v) हाथ मलना

(vi) ईंट का जवाब पत्थर से देना

(vii) ऊँची दुकान फीका पकवान (5)

(ग) निम्नलिखित वाक्यों को शुद्ध कीजिए - (5)

(i) मैं और वह आज नाटक देखने जाऊँगा।

(ii) एक गर्म गिलास पानी लेकर आओ।

(iii) यह पुस्तक पढ़ने में मुझे बहुत अच्छा लगा।

(iv) अभी-अभी यह चिट्ठी आया है।

(v) राम और मोहन खाना नहीं खाता है।

6. (क) प्रतिवेदन से क्या अभिप्राय है ? प्रतिवेदन की विशेषताएँ लिखिए। (7)

अथवा

अपने महाविद्यालय में हुई संगोष्ठी का प्रतिवेदन लिखिए।

(ख) पास बुक खो जाने की सूचना देते हुए बैंक प्रबंधक को पत्र लिखिए। (8)

अथवा

गैस एजेन्सी खोलने के लिए गैस कम्पनी के प्रबन्धक को पत्र लिखिए।

7. किसी एक विषय पर लगभग 250-300 शब्दों में निबंध लिखिए - (10)

(क) नेताओं की बदलती छवि

(ख) महानगरों में परिवहन की समस्या

(ग) स्त्रियों पर बढ़ते अपराध

(घ) मेरा प्रिय लेखक